राहुल सांकृत्यायन के विचार आज भी सामाजिक बदलाव की प्रेरणा : अली इमाम

बोधगया (आससे)। महापंडित राहुल सांकृत्यायन की कालजयी कृति 'भागो नहीं, दुनिया को बदलो' पर



रविवारको मोचारिम स्थित वज्र बोधि सोसाइटी सम्मेलन कक्ष में पुस्तक परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें साहित्य, सामाजिक परिवर्तन, तर्कशीलता और प्रगतिशील विचारधारा से जुड़े बुद्धिजीवियों ने पुस्तक के विचारों और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकतापर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी.एन. सिंहने की। भंते राहुल सांकृत्यायन, अनिल कुमार, पी.सी. प्रियदर्शी और अली इमामने अपने विचार रखे। मंच संचालन कृष्ण कुमार चौधरी ने किया।

परिचर्चामें अली इमामने पुस्तकके मूल संदेश और वैचारिक गहराईको रेखांकित करते हुए कहा कि राहुल सांकृत्यायनका चिंतन सामाजिक परिस्थितियों को समझने और उनमें सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देता है। वक्ताओंने कहा कि साहित्य केवल ज्ञान और मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक रूढ़ियों पर सवाल उठाने, विसंगतियों को समझने और परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त साधन है।

वज्र बोधि सोसाइटीके सचिव भंते राहुल सांकृत्यायन ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन के साहित्य और विचारोंको नई पीढ़ी तक पहुंचाना समयकी आवश्यकता है। पुस्तक परिचर्चाओं के माध्यम से पठन-पाठन की रुचि विकसित करने, तर्कपूर्ण संवाद को बढ़ावा देने तथा सामाजिक न्याय, समानता और वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 'भागो नहीं, दुनिया को बदलो' का संदेश समस्याओं से पलायन करने के बजाय उनका सामना कर समाज को बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है। वज्र बोधि सोसाइटी राहुल सांकृत्यायन के साहित्य के संरक्षण, अध्ययन और प्रचार-प्रसार के लिए प्रयासरत है। संस्था के अभिलेखागार में उनकी लगभग 50 से 55 पुस्तकें उपलब्ध हैं। संस्था का लक्ष्य अन्य कृतियों को भी संग्रह में शामिल करना है, ताकि विद्यार्थियों, शोधार्थियों और साहित्यप्रेमियों को अध्ययन के लिए अधिक सामग्री मिल सके। परिचर्चामें यह संदेश उभरा कि राहुल सांकृत्यायन का साहित्य आज भी स्वतंत्र चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक चेतना के विकास में प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज में अध्ययन और विचार-विमर्श की संस्कृति को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बाराचट्टी की 13 पंचायतों में 299 सोलर लाइटें खराब, भलुआ में आधी बंद

बाराचट्टी (आससे)। बाराचट्टी प्रखंड की 13 पंचायतों में 299 सोलर लाइटें खराब हैं। कुल 1,750 लाइटों में से 1,451 चालू बताई गई हैं। सूचना के अधिकार द्धआरटीआईऋ के तहत मांगी गई जानकारी में यह ब्योरा सामने आया है। पंचायतवार रिपोर्ट के अनुसार, भलुआ में आधी सोलर लाइटें बंद हैं, जबकि काहुदाग पंचायत में सबसे अधिक 50 लाइटें खराब बताई गई हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता सह पत्रकार राहुल नयनने प्रखंड की पंचायतों में लगी सोलर लाइटों की स्थिति की जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय ने 14 अक्टूबर 2026 को पत्र जारी कर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारीके माध्यम से पंचायतवार रिपोर्ट उपलब्ध कराई। रिपोर्ट के अनुसार, कुल सोलर लाइटों में लगभग 17.1 प्रतिशत खराब हैं। पंचायतवार आंकड़ों के अनुसार, काहुदाग में 140 में से 50, भलुआ में 60 में से 30, झाझ में 150 में से 30 और पतलुका में 150 में से 28 सोलर लाइटें खराब हैं। सरवा और बिंदा पंचायत में 26-26, जबकि बजरकर में 22 लाइटें खराब बताई गई हैं। इसी तरह जयगीर में 110 में से 21, बीबीपेसरा में 140 में से 18, रोही में 140 में से 16, दिवनिया में 140 में से 14, बारा में 130 में से 10 और बूमेर में 140 में से छह लाइटें खराब हैं। ग्रामीण क्षेत्रोंमें सोलर लाइटें गलियों, सार्वजनिक स्थलों और रास्तों पर रोशनी उपलब्ध कराने के लिए लगाई जाती हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में लाइटों का खराब होना ग्रामीणोंको मिलने वाली सुविधाको प्रभावित कर सकता है। खासकर भलुआ पंचायत में आधी लाइटें खराब होने से उनके रखरखाव और मरम्मत की व्यवस्था पर सवाल उठते हैं।

अब यह जानना महत्वपूर्ण होगा कि खराब लाइटें कब से बंद हैं, उनकी मरम्मत के लिए क्या कार्रवाई की गई है और रखरखाव पर कितनी राशि खर्च हुई है। हालांकि, उपलब्ध रिपोर्ट में खराब लाइटों की संख्या का ब्योरा है। इससे अपने आप किसी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि नहीं होती। इसके लिए स्थापना, मरम्मत और भुगतान से संबंधित अभिलेखों की जांच जरूरी है। आरटीआई के माध्यमसे पंचायतवार आंकड़े सामने आनेके बाद अब संबंधित विभागकी जिम्मेदारी होगी कि खराब सोलर लाइटोंकी स्थिति की जांच कराकर उनकी मरम्मत सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों को नियमित रूप से रोशनी की सुविधा मिल सके।

राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित गुड्डी कुमारी को मिलेगा 'शुकदेव चौधरी शिक्षा रत्न अवार्ड'

गयाजी। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, समर्पण और उल्लेखनीय योगदान के लिए डोभी प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय बहेराडीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका गुढी कुमारी को 'शुकदेव चौधरी शिक्षा रत्न अवार्ड-2026' से सम्मानित किया जाएगा। बिहार सरकारके राजकीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित गुढी कुमारी का चयन उनकी नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धति, विद्यालय विकास तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए प्रयासों के मद्देनजर किया गया है। गुढी कुमारी वर्ष 2007 से मध्य विद्यालय बहेराडीह में कार्यरत हैं। जब उन्होंने विद्यालय में योगदान दिया था, तब स्कूलके पास अपना भवन तक नहीं था। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा आधारभूत सुविधाओंके विकास के लिए निरंतर प्रयास किया। उनके कार्यो से विद्यालय को नई पहचान मिली और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई। शिक्षाके प्रति उनकी प्रतिबद्धता और नवाचारपूर्ण प्रयासोंके लिए उन्हें बिहार सरकार का राजकीय शिक्षक सम्मान-2026 भी प्रदान किया जा चुका है। इससे पहले उन्हें अपर मुख्य सचिव स्तर से 'टीचर आफ द मंथ' सम्मान भी मिल चुका है।



शुकदेव-यशोदा जन सेवा संस्थान, तिलैया (बांकेबाजार) की ओर से यह सम्मान समारोह 26 अक्टूबर 2026 को शिक्षाविद स्व. शुकदेव चौधरी की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यशोदा सदन, तिलैया में आयोजित होगा। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मध्य विद्यालय धरहरा के प्रधानाध्यापक विजय चौधरी, मध्य विद्यालय बहेराडीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका गुढी कुमारी, मध्य विद्यालय नौहर के प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद, प्राथमिक विद्यालय महापुर की शिक्षिका रेणु कुमारी तथा मध्य विद्यालय गरवैया के शिक्षक चंद्रशेखर सिंह को 'शुकदेव चौधरी शिक्षा रत्न अवार्ड-2026' से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए मोहित कुमार को 'शुकदेव चौधरी वृक्ष मित्र सम्मान-2026' प्रदान किया जाएगा। साथ ही इस अवसरपर उनके पुत्र वीरेंद्र कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'पाठशाला के नायक: शुकदेव चौधरी' का विमोचन किया जाएगा।

विदेशी बीयर की 210 लीटर खेप बरामद, पांच तस्कर गिरफ्तार

गयाजी। अवैध शराब कारोबारके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मद्यनिषेध विभाग की टीम ने मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कोशिला में छापेमारी कर 210 लीटर विदेशी बीयर बरामद की। मौके से चार मोटरसाइकिलों पर लदी 453 बोतल और कैन बीयर जब्त की गई। इस दौरान पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में झारखंडके चतरा जिले के हंटरगंज निवासी सुरेंद्र कुमार यादव , गया के बहेरा थाना क्षेत्र के मसौंधा निवासी संतोष कुमार बाराचटीके गरवइयां निवासी राजकुमार यादव और राजू कुमार तथा मोहनपुर थाना क्षेत्र के लमकनी, लार निवासी अखिलेश कुमार शामिल हैं।

छापेमारी दल में सहायक अवर निरीक्षक अंजन कुमार साह, मद्यनिषेध सिपाही शशि कुमार गुप्ता और अमिषा कुमारीके साथ गृह रक्षक जवान एवं सशस्त्र बल के सदस्य शामिल थे। विभागकी टीम ने बीयर और मोटरसाइकिलें जब्त कर आगेकी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बीयर की आपूर्ति के स्रोत और तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

बोधगया में 'सुदर्शन कुँज' का लोकार्पण सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने पर जोर

बोधगया (आससे)। डा. हेडगेवार स्मारक समिति, बिहार की ओर से नवनिर्मित भवन 'सुदर्शन कुँज' का गृहप्रवेश एवं सार्वजनिक लोकार्पण समारोह रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। परम पूज्य डा. केशव बलिराम



हेडगेवार के जीवन-आदर्शों से प्रेरित इस भवन का निर्माण समाज के लोगों के सहयोग, सेवा-भाव औरसमर्पण से किया गया है। इसका उद्देश्य समाज में सेवा, संस्कार और राष्ट्रभाव को मजबूत करना है। कार्यक्रमकी शुरुआत सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ गृहप्रवेश पूजन से हुई। मंच संचालन करण जी ने किया। संघ के गया जिला संचालक एवं समाजसेवी संजय सिंह ने भवन की संरचना, संसाधनों और सुविधाओं की जानकारी देते हुए निर्माणसे लेकर लोकार्पण तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस दौरान 'पुरखे सबके हिंदू हैं' एकल गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी ने समाज के सशक्तीकरणमें सेवा कार्यो की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और समर्पण से निर्मित 'सुदर्शन कुँज' समाज निर्माण, मानवीय मूल्यों के संरक्षण और सेवा-संस्कारों को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मुख्य अतिथि के रूप में उर्मिला कंपनी के निदेशक अविनाश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप सेवा भारती, रांचीके न्यासी गुरुशरण प्रसाद उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाजोत्थान के इस प्रयास की सराहना की। भवन निर्माण और सज्जा में योगदान देने वाले श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के बाद श्रद्धालुओं और नागरिकों के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों और प्रांतों से आए प्रचारकों, अधिकारियों, स्वयंसेवकों तथा क्षेत्रके गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अंतमें समिति के सचिव डा. मोहन सिंह ने अतिथियों, सहयोगियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भाषा वैज्ञानिक प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह पहुंचे केसपा, मां तारा मंदिर का किया अवलोकन

टिकारी (आससे)। देश के चर्चित भाषाविद् एवं लिपि विशेषज्ञ प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह ने रविवार को डा. शशि कला एवं पत्रकार जितेंद्र पुष्प के साथ मां तारा नगरी केसपा का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्रामीण प्रो. अरुण शर्मा एवं उमाकांत शर्मा ने अतिथियों को गांव की प्राचीनता और ऐतिहासिक विरासत से अवगत कराया।

भ्रमण के दौरान प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह ने मां तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर परिसर में रखी सैकड़ों खंडित प्राचीन प्रतिमाओं का अवलोकन किया। उन्होंने इन प्रतिमाओं को पाल कालीन, लगभग नौवीं शताब्दी का बताया। उन्होंने सोरवहिया जी, भगवान गौतम बुद्ध, गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु और भगवान सूर्य की प्रतिमाओं के साथ बुए पदचिह्न का भी दर्शन किया।

प्रो. सिंहने भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर अंकित प्राचीन लिपि का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि प्रतिमा पर अंकित लिपि सिद्धमातृका लिपि है। गांव में बिखरी ऐतिहासिक धरोहरोंको देखकर उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि इतनी समृए विरासत होनेके बावजूद केसपा अब तक अपेक्षित पहचान क्यों नहीं प्राप्त कर सका है। खुले



आसमान के नीचे रखी भगवान बुद्ध की प्रतिमा को देखकर उन्होंने दुख भी प्रकट किया। उन्होंने कहा कि केसपा अत्यंत प्राचीन गांव है साथ ही हिंदू एवं बौद्ध धर्मावलंबियोंकी आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां की ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है।

ग्रामीण समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखरने कहा कि प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह के भ्रमण से केसपा के इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने लाने में मदद मिली है।

उन्होंने बताया कि प्रो. सिंह जल्द ही अपनी पूरी टीम के साथ दोबारा केसपा आएंगे और यहां के प्राचीन इतिहास एवं ऐतिहासिक धरोहरों का विस्तृत अध्ययन करेंगे।

फल्गु नदी में अज्ञात नवजात शिशु का शव हुआ बरामद

मानपुर। ममता को शर्मसार कर देने वाली मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रविवार को नवजात शिशु का शव पुलिसने किया बरामद। मामला बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत फल्गु नदी किनारे कुकरा के समीप पुलके नीचे चौथा पाया के पास अज्ञात नवजात शिशु का शव को पड़े रहने की स्थानीय लोगोंके द्वारा पुलिसको सूचना दी गई। एसआई दीपक राज दलबलके साथ घटनास्थलपर पहुंचे और नवजात शिशुका पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने को लिए भेज दिया।

खरहरी के पास 220 लीटर देसी शराब जब्त

मानपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खरहरी गांवके समीप अवैध रूपसे ले जा रहे देसी शराब को पुलिस ने जप्त कर मुफस्सिल थाना लाई है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवराज इन्द्र ने बताया कि पुलिस को देख शराब तस्कर शराब छोड़कर फरार हो गया उन्होंने बताया कि पुलिस उक्त शराब को थाने लाई है जो 220 लीटर देसी शराब है। शराब तस्कर की तलाश जारी है विधि संवत करवाई की जा रही है।

एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरतार

परैया (ससू)। परैया थाना क्षेत्रके नउआबिगहा गांवमें पुलिसने कार्रवाई करते हुए एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंटके वारंटी जुलूस मांझी,पिता स्व.नरेश मांझी को उनके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें माननीय न्यायालयमें प्रस्तुत किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालयसे जारी गैर-जमानती वारंटके आधार पर जुलूस मांझी को उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। न्यायालयमें पेशीके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

लहथुआमें दो घरों में चोरी का मामला दर्ज

मोहनपुर (ससू)। मोहनपुर थाना क्षेत्र के लहथुआ गांव में शुक्रवार की बीते रात्रि दो घरों में चोरी की घटना के मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में गृह स्वामी, अनिल सिंह और अंकित राज की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। मोहनपुर थानाध्यक्ष अजीत कुमारने रविवार को बताया कि चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं:-

क्र. सं.: 1, **निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा-एल-40-26-27, कार्य का नाम :** माघ मेला-2027 के दौरान आपातकालीन बिजली आपूर्ति बैकअप के लिए प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों में डीजी सेट किराए पर लेना, **अनुमानित लागत :** रु. 11,79,360.00, **अमानत राशि :** रु. 23,600.00, **कार्य समापन का समय :** 45 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 17.11.2026 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 17.11.2026 14:30 बजे। क्र. सं. : 2, **निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-41-26-27, कार्य का नाम :** माघ मेला 2027 में प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों में किराए के आधार पर प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** रु. 18,98,710.00, **अमानत राशि :** रु. 38,000.00, **कार्य समापन का समय :** 55 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 17.11.2026 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 17.11.2026 14:30 बजे। क्र. सं. : 3, **निविदा सूचना संख्या : ई-निविदा-एल-42-26-27, कार्य का नाम :** प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों में माघ मेला 2027 से संबंधित विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 18,52,989.24, **अमानत राशि :** रु. 37,100.00, **कार्य समापन का समय :** 30 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 17.11.2026 14:30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 17.11.2026 14:30 बजे।

उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-239 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

बाक्सिंग में मगध की बेटियों का दमदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण समेत पांच पदक पर कब्जा

संस्कृति सिंह और नंदिनी पांडे ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई, जिले में खुशी की लहर

गयाजी। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वावधानमें आयोजित स्टेट लेवल बाक्सिंग टूर्नामेंट में मगधकी महिला खिलाड़ियोंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक सहित कुल पांच पदक हासिल किए। इस शानदार प्रदर्शनके साथ संस्कृति सिंह और नंदिनी पांडे ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से गया जिलेके खेल जगत में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगितामें संस्कृति सिंह और नंदिनी पांडने अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, अरीबा हसन, साक्षी कुमारी और अदिति राज ने कांस्य पदक जीतकर मगध जोन का गौरव बढ़ाया। पांच पदकों की यह उपलब्धि महिला बाक्सिंग में क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत को दर्शाती है। टीमके साथ कोच आकाश कुमार और अतुल पुरी मौजूद रहे। कोचके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन किया। दो



खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन इस सफलता को और भी खास बनाता है। अब संस्कृति सिंह और नंदिनी पांडे से नेशनल स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

खिलाड़ियोंकी इस उपलब्धिपर गया जिले की जिला खेल पदाधिकारी डीएसओ नेहा कुमारी सहित गया जिला खेल विभाग के शारीरिक शिक्षक राहुल कुमार, आनंद शंकर तिवारी, सुप्रिया कुमारी, सत्यम वर्मा, सौरभ सुमन, सना अफरीन एवं अन्य लोगोंने खिलाड़ियों को बधाई दी। वहीं, गया जिला बाक्सिंग संघ के सचिव मोहम्मद फैजान खान, संयुक्त सचिव शाहरुख जफर और कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार ने भी खिलाड़ियों की सफलतापर प्रसन्नता व्यक्त की। मगध की बेटियों की इस उपलब्धिने एक बार फिर साबित किया है कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर स्थानीय खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने के साथ राष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकते हैं।

शरद पूर्णिमा पर सालासर बालाजी मंदिर में गूंजे भजन

गया। शरद पूर्णिमाके पावन अवसर पर शहर के शहीद रोड स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर प्रांगण में वार्षिक भव्य धार्मिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को तुलसी पत्रें और सुगंधित ताजे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हवन-पूजन और अखंड ज्योत प्रज्वलन से हुआ। मंदिरके पुजारी आचार्य दीपक पांडेके निर्देशन में विशेष पूजा-अर्चना और महाआरतीकी गई। वैदिक मंत्रोच्चार और धूप-दीप की सुगंध से पूरा मंदिर प्रांगण भद्रिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत आयोजित भजन-संध्या में स्थानीय कलाकारों ने एकसे बढ़कर एक मनमोहक भजनोंकी प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चले भजन-कीर्तन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे। शरद पूर्णिमा की परंपराके अनुसार, भगवान बालाजीको मेवे की खीर, पारंपरिक खाजा और दूध का महाभोग लगाया गया। पूजनोपरांत यह पावन प्रसाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। उक्त आशय की जानकारी श्री सालासर बालाजी मंदिर समिति के प्रबंधक प्रवीण मोर ने दी।

भाजपा किसान मोर्चा ने सुनी पीएम के मन की बात

गयाजी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोडको भाजपा



किसान मोचा के क्षेत्रीय कार्यालय, नूतन नगर, गया जी मे भाजपा कार्यकर्ताओंने उत्साहपूर्वक सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्यामें भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रधानमंत्रीके विचारों तथा महत्वपूर्ण जानकारियोंको ध्यानपूर्वक सुना। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियोंको विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, महान विभूतियों, वैज्ञानिकों के योगदान और आगामी त्योहारोंके बारे में जानकारी दी। साथ ही, 31 अक्टूबरको लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेलकी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवसके महत्वपर प्रकाश डाला। महर्षि वाल्मीकि जी के योगदान और उनके आदर्शोंकी चर्चाके साथ देश की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता तथा समाजके प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डा. मनीष पंकज मिश्राने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के लिए ज्ञान, प्रेरणा और राष्ट्रसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस कार्यक्रम के जरिए देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक कार्यों, वैज्ञानिक उपलब्धियों, महापुरुषों के योगदान और भारतीय संस्कृति की महानताकी जानकारी मिलती है। मन की बात सुनने वालोंमें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर गोपाल प्रसाद यादव दिलीप कुमार रितिक कुमार प्रमोद कुमार कुंदन सिंह बबलू गुप्त महेश यादव मंटू कुमार सहित अन्य थे।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालय :- वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना
अरण्य भवन, द्वितीय तल, शहीद पीर अली खाँ मार्ग (राईडिंग रोड) पटना- 800014

आम सूचना

श्री अरबिन्द कुमार सिन्हा, वनपाल, बाढ़ एवं अतिरिक्त प्रभार मोकामा वन परिसर द्वारा कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही तथा अनाधिकृत रूप से अपने कार्य क्षेत्र एवं मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने एवं बाढ़ एवं अतिरिक्त प्रभार मोकामा वन परिसर का प्रभार ग्रहण नहीं करने के कारण वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल, पटना द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है।

वनपाल द्वारा प्रभार नहीं लेना तथा संतोषजनक जबाब नहीं देने के फलस्वरूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल, पटना के पत्रांक-2648 दिनांक-03.08.2026 द्वारा वनपाल श्री अरबिन्द कुमार सिन्हा, को निलंबित करने की अनुशंसा के साथ विभागीय कार्यवाही का प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में मुख्य वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना के कार्यालय के आदेश संख्या-26 -सह-पठित ज्ञाप संख्या-2620 दिनांक-22.08.2026 द्वारा श्री अरबिन्द कुमार सिन्हा, वनपाल को निलंबित करते हुए पटना वन प्रमंडल, पटना के कार्यालय में मुख्यालय निर्धारित किया गया था तथा इसकी प्रति को श्री अरबिन्द कुमार सिन्हा, वनपाल को हस्तगत कराने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल को निदेशित किया गया है। वनपाल कर्त्तव्य अवधि में लागातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से निलंबित वनपाल के स्थायी पते पर भेजी गयी। India Speed Post Tracking System के अनुसार संबंधित पत्र उनके पता पर दिनांक-05.09.2026 को Delivered दिखाया गया, किन्तु दिनांक-14.09.2026 को उक्त पत्र प्रमंडलीय कार्यालय पटना वन प्रमंडल को Speed Post के माध्यम से वापस आ गया, जिसमें लिखा हुआ है कि "ये आदमी सासाराम रहते हैं।"

मुख्य वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना के कार्यालय के आदेश संख्या-31-सह-पठित ज्ञाप संख्या-2969 दिनांक-18.09.2026 तथा द्वारा आदेश संख्या-32 -सह-पठित ज्ञाप संख्या-2970 दिनांक-18.09.2026 द्वारा विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ किया गया है। उक्त आदेश की प्रति (साक्ष्य एवं सभी अभिलेख के साथ) को श्री अरबिन्द कुमार सिन्हा, वनपाल को हस्तगत कराने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल को निदेशित किया गया है। प्रमंडल के पत्रांक-3784 दिनांक-12.10.2026 द्वारा सूचना दी गयी है कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से निलंबित वनपाल के स्थायी पते पर भेजी गयी। संबंधित पत्र उनके पता पर दिनांक-29.09.2026 को Delivered दिखाया गया, परन्तु दिनांक-03.10.2026 को उक्त पत्र प्रमंडलीय कार्यालय पटना वन प्रमंडल को Speed Post के माध्यम से वापस आ गया।

साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना वन प्रमंडल, पटना द्वारा विशेषदूत के माध्यम से भी निलंबित वनपाल के स्थायी पता पर भेजा गया तथा उनके मुख्य द्वार पर पत्र को चिपका दिया गया है तत्पश्चात् प्रमंडलीय कार्यालय पटना द्वारा निलंबित वनपाल को पत्र हस्तगत कराने एवं अपना पक्ष रखने तथा संबंधी सूचना स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचना प्रकाशित किया गया है।

श्री अरविन्द कुमार सिंहा, निलंबित वनपाल, पिता-स्व० योगेन्द्र कुमार सिन्हा, पता-ग्राम+पोस्ट-गच्छई, थाना-काराकट (गोरारी), जिला-रोहतास (सासाराम), पिन कोड-821311 को आम सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के अंदर निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित होकर वस्तुस्थिति के प्रतिवेदन यथाशीघ्र समर्पित करने का अंतिम अवसर दिया जाता है कि क्यों नहीं आपके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई / सेवा समाप्ति का कार्यवाही शुरू किया जाय। निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित न होने अथवा विभागीय कार्यवाही के संचालन में शामिल नहीं होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है आप स्वेच्छा से सेवा से अनुपस्थित है। इसके पश्चात् विभाग के नियमानुसार एकपक्षीय विधिसम्वत् अनुशासनिक कार्रवाई (ex-parte legal and disciplinary action) करने के लिए स्वतंत्र होगा।

मुख्य वन संरक्षक
पटना अंचल, पटना

PR. No. 014324(Envi. & Forest) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

अनुराग कुमार बने हम (से.) के परैया प्रखंड युवा अध्यक्ष

परैया (ससू)। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) ने परैया प्रखंड में युवा संगठन को मजबूती देने की दिशा में अनुराग कुमार ऊर्फ अनु को प्रखंड युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। परैया प्रखंड केऊपरहुली गांव निवासी अनुराग कुमार को



रविवार को गया जी के गोदावरी स्थित कार्यक्रम में पार्टी के संरक्षक सह बिहार सरकार के मंत्री डा.संतोष कुमार सुमन ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओंने अनुराग कुमार ऊं अनु को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्वमें प्रखंडमें युवा संगठन मजबूत होगा तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने और जनहितके कार्यों को आगे बढ़ानेमें मदद मिलेगी। कार्यक्रम में हम के जिलाध्यक्ष टूटू खान, हम के महिला प्रकोष्ठ की नेत्री सुषमा दाँगी,प्रखण्ड अध्यक्ष रामेश्वर मांझी,कुरमामा पंचायत के पूर्व मुखिया विलास मांझी,बेला निवासी संतोष कुमार तथा अनुसूचित मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य टुनु मांझी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मगध सैटेलाइट टाउनशिप योजना के विरोध में किसानों का आज को पटना में धरना-प्रदर्शन का ऐलान

गयाजी। किसान संघर्ष समिति, गया जिला के बैनर तले मगध क्षेत्र के किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक चाणक्य रिजार्ट में प्रकाश कुमारकी अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में नावा, खुरार, धनसीर, गुलरिया चक, बिषुनगंज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रोंसे भारी संख्या में किसान शामिल हुए। बैठक के दौरान वक्ताओं ने एक स्वरमें सरकार की 'मगध सैटेलाइट टाउनशिप योजना' को किसान विरोधी करार दिया। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे अपनी उपजाऊ और बहुफसली ज़मीन किसी भी कीमत पर सरकार या प्रशासन को नहीं देंगे। किसानों ने अपनी पैतृक ज़मीन और जीविकोपार्जन के साधन को बचाने के लिए अपना पुराना संकल्प एक बार फिर दोहराया। सरकारकी इस जबरन अधिग्रहण नीति के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 नवंबर को राजधानी पटना में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि सरकार तक किसानों की आवाज़ मजबूती से पहुंचाई जा सके।

बैठक में कमलेश कुमार सिंह जैतिय, बी. के. यादव रुईशपुर, रघुनंदन प्रसाद दुबहल, प्रवीन कुमार गुलरियाचक, मोती यादव सबला बिगहा, मनोज कुमार बिहारी सबल बिगहा, अरुण कुमार



सबल बिगहा, लालमनी कुमार रेहुआ,नवल किशोर यादव रेहुआ,गरीबन साव बल्लू गुलरिया चक, तपेश्वर सिंह काजीचक, कृष्ण यादव, शैलेन्द्र सिंह कोसडीहरा नैली, दिलीप कुमार सिंह जौतिया,श्याम देव यादव रेहुआ, सूर्य भूषण कुमार गुलरिया चक,पिंटू कुमार परसाबी,भुवनेश्वर यादव खुरार,रघु यादव गुलरिया चक, इन्द्रदेव यादव गुलरिया चक,संजीत कुमार बिसुनगंज,दीपक कुमार बिसुनगंज,प्रकाश यादव गुलरिया चक, सिकन्दर प्रसाद बिसुनगंज एवं अन्य स्थानीय किसान और बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

आइडियल फुटबाल टूर्नामेंट में उसेवा ने 3-1 से अनरवन टीम को हराया

आमस (ससू)। आमस प्रखंड क्षेत्र के झरी पंचायत अंतर्गत बघमरवा खेल मैदान में खेले जा रहे आईडियल फुटबाल टूर्नामेंट का सातवां मुकाबला शनिवार को गुरुआके उसेवा और अनवरन के बीच खेला गया। जिसमे उसेवा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3 गोल दागकर अनवर की टीम को हराकर अगले चक्र में प्रवेशकर लिया। आयोजन से जुड़ें तनवीर आलम ने बताया कि उसेवा टीम कि ओरसे राहुल कुमार ने 2 गोल और राकेश कुमारने 1गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। वहीं अनवरन कि टीम ने सिर्फ एक गोल ही दाग पाई। मैच में रेफरी कि भूमिका मोहम्मद बालों ने निभाई। वहीं लाइन्स मैन के रूप में राजू सिंह एवं बसंत कुमार थे। रविवार को अगला मुकाबला केताकी और गोही के बीच खेला जायेगा।